>

Title: Need to provide subsidy on setting up warehouses for agricultural products in rural areas of the country particularly in Kota Parliamentary Constituency.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण का विशेष अभाव है। किसान के पास जब फसल आ जाती है तो उसको स्टोरेज करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से किसानों को अपनी फसल को कभी कभी लागत से कम कीमत पर बेचनी पड़ती है और व्यापारी इससे किसानों का शोषण करते हैं। मुझे खुशी है कि वर्तमान सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण करने के लिए ग्रामीण भंडारण योजना चलाई जिसमें भंडारगृह बनाने के लिए सरकार केन्द्र स्तर पर सब्सिडी उपलब्ध करवाती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण केन्द्र को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। मेरे संसदीय क्षेत्र में कई किसान हितैषी लोगों ने ग्रामीण भंडारगृह बनाने की योजना बनाई है और उन्होंने जयपुर में ग्रामीण भंडारण योजना की नोडल एजेन्सी नाबार्ड से जब संपर्क किया तो उन्होंने बताया है कि ग्रामीण भंडारण योजना के लिए सब्सिडी वाली राशि गत तीन सालों से उनके पास नहीं आई है अगर ग्रामीण भंडारण योजना के लिए सब्सिडी उपलब्ध नहीं होगी तो इस योजना को कारगर ढंग से लागू नहीं किया जा सकता है और इसी कारण से मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा में पर्याप्त मात्रा में ग्रामीण भंडारगृह स्थापित नहीं किये जा सके।

सरकार से अनुरोध है कि ग्रामीण भंडारण योजना के अंतर्गत समुचित राशि एवं संबंधित सब्सिडी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाई जाये जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडार बन सके एवं किसानों को अपनी फसल को इन गोदामों में रख सके और अपनी इच्छानुसार बेच सकें।